साहित्य परिषद

हिन्दी विभाग

डॉक्टर हरीसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)

# हिन्दी पखवाड़ा महोत्सव 2024

**'हमारी भाषा, हमारी पहचान'**

## शुभारम्भ

**"निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल"**

**हिन्दी पखवाड़ा महोत्सव 2024** साहित्य परिषद, हिन्दी विभाग, डॉक्टर हरीसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम है | इसका शुभारंभ **13 सितम्बर 2024 (शुक्रवार)** को माननीया **प्रो. चन्दा बैन** (अधिष्ठाता,भाषा अध्ययनशाला) एवं माननीय **प्रो. आनन्द प्रकाश त्रिपाठी** (अध्यक्ष, हिन्दी विभाग) के कर कमलों द्वारा द्वीप प्रज्वलन के साथ **आचार्य नन्ददुलारे वाजपेयी सभागार** में किया जाएगा | इस शुभ अवसर पर विभाग के समस्त अध्यापकगणों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षित है |

यह महोत्सव **राष्ट्रीय हिन्दी दिवस (14 सितम्बर)** के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है | जिसकी विषयवस्तु (Theme) **'हमारी भाषा, हमारी पहचान'** है | इस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के रचनात्मक एवं लेखन कौशल का परीक्षण करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी | इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार में से कोई एक पुरस्कार उनकी प्रस्तुति या प्रदर्शन के आधार पर प्रदान किया जाएगा | सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रोत्साहन प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे |

इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को ऑफलाइन प्रमाण-पत्र एवं शेष विद्यार्थियों को ऑनलाइन या डिजिटल प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे |

# वाद–विवाद प्रतियोगिता

**दिनांक : 13/09/2024 शुक्रवार**

**शीर्षक : "कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में ज्ञान की भाषा हिन्दी ?" समय: दोपहर 2 बजे**

| निर्णयकर्ता | समन्वयक | सह-समन्वयक |
|---|---|---|
| डॉ. संजय नैनवाड<br>डॉ. हिमांशु कुमार | ज्योति गिरि<br>गब्बर सिंह<br>शैलजा परमार | सूर्यकांत प्रजापति |

**वाद-विवाद** प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रतिभागी की अभिव्यक्ति क्षमता, शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ उसके आलोचनात्मक विचारों का परीक्षण करना है |

**नियम और शर्तें:**

- समय सीमा: प्रत्येक वक्ता को बोलने के लिए 3 मिनट का समय दिया जाएगा |
- प्रत्येक भाषण के बाद वक्ता, दर्शकों/अन्य प्रतिभागियों के 2 प्रश्नों के उत्तर देगा |
- भाषा: प्रतियोगिता के दौरान बोलते समय केवल हिन्दी भाषा का प्रयोग किया जाए। (केवल तकनीकी शब्दों का ही अंग्रेजी में उपयोग कर सकते हैं |)
- किसी भी नोट या कागज से पढ़कर बोलना निषेध रहेगा |
- व्यवहार: प्रतिभागियों को शिष्टाचार और मर्यादा बनाए रखना होगा।

**मूल्यांकन के मापदंड:**

- बोलने की शैली, भाषा प्रवाह एवं विषय सामग्री का चयन |
- आत्मविश्वास एवं आकर्षक अभिव्यक्ति को प्राथमिकता दी जाएगी |
- समय सीमा के पालन/उल्लंघन पर ध्यान दिया जाएगा |
- हिन्दी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा का आवश्यकता से अधिक उपयोग पर ध्यान दिया जाएगा |

**नोट:** प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा समापन समारोह के दिन की जाएगी |

# लघुकथा लेखन प्रतियोगिता

**दिनांक : 18/09/2024 बुधवार**

**समय: दोपहर 2 बजे**

| निर्णयकर्ता | समन्वयक | सह-समन्वयक |
|---|---|---|
| प्रो राजेन्द्र यादव<br>डॉ. आशुतोष कुमार मिश्र | सूर्यकांत त्रिपाठी<br>नेहा दुबे | शुभांगी ओखदे |

लघुकथा लेखन प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रतिभागी की काल्पनिक क्षमता, रचनात्मकता एवं लेखन कौशल का परीक्षण करना है |

**आवश्यक निर्देश/नियम:**

- प्रतिभागी स्वेच्छानुसार किसी भी विषय पर लघुकथा लिख सकता है |
- लघुकथा स्पष्ट रूप से हस्तलिखित हो जिसकी भाषा हिन्दी एवं लिपि देवनागरी हो |
- लघुकथा को आरंभ करने से पूर्व उसका शीर्षक स्पष्ट शब्दों में उद्धरण चिन्ह ('--') के अंदर लिखें |
- पात्र: अपने पात्रों को यथार्थवादी बनाएं ताकि पाठक उनसे जुड़ सकें।
- शब्द सीमा: 750 से 1000 शब्द |
- कथानक: एक रोचक कथानक विकसित करें जो पाठकों को अंत तक बांधे रखे।
- भाषा: सरल और प्रभावी भाषा का उपयोग करें ताकि आपकी लघुकथा समझ में आए |

**मूल्यांकन के मापदंड:**

- लघुकथा के कथानक, पात्र, भाषा-शैली, घटना, उद्देश्य और संवाद जैसे तत्वों पर ध्यान दिया जाएगा |
- सुंदर एवं स्पष्ट हस्तलेखन पर ध्यान दिया जाएगा |
- लघुकथा के कथानक की शीर्षक से सम्बद्धता कितनी है ? इस पर ध्यान दिया जाएगा |

**नोट:** प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा समापन समारोह के दिन की जाएगी |

# निबन्ध लेखन प्रतियोगिता

**दिनांक : 19/09/2024 गुरुवार**

**शीर्षक : "हिन्दी में हम"** **समय: दोपहर 2 बजे**

| निर्णयकर्ता | समन्वयक | सह-समन्वयक |
|---|---|---|
| डॉ. संजय नैनवाड<br>डॉ. शशि कुमार सिंह | हरिओम पाल<br>दुर्गेश कुमार सराठे | प्रतिभा सोनी |

**आवश्यक निर्देश/नियम:**

- स्पष्टता: अपने विचारों को स्पष्ट और सरल शब्दों में व्यक्त करें।
- समय: 1 घंटा
- शब्द सीमा: 600 से 900 शब्द
- तथ्य: अपने निबंध को प्रभावपूर्ण बनाने एवं अपनी बातों के पक्षों की पुष्टि हेतु उचित तथ्यों और आंकड़ों का उपयोग कर सकते हैं ।
- उदाहरण: अपने विचारों को स्पष्ट करने के लिए उदाहरण दे सकते हैं।
- भाषा: सरल और प्रभावशाली भाषा का प्रयोग करें।
- रचनात्मकता: अपने विचारों को रचनात्मक तरीके से व्यक्त करें।

**मूल्यांकन के मापदंड:**

- शब्द चयन एवं आलोचनात्मक विश्लेषण जैसे गुणों पर ध्यान दिया जाएगा |
- वर्तनी, व्याकरण और विराम चिन्हों जैसे अकादमिक लेखन गुणों पर विचार किया जाएगा |
- लेखन तथा घटनाओं की क्रमबद्धता एवं विचारों की प्रासंगिकता को देखा जाएगा |
- प्रभावी एवं आकर्षक हस्तलेखन पर भी ध्यान दिया जाएगा |
- प्रतिभागी की मौलिकता, लेखन की गुणवत्ता, शैली और स्पष्टता |

**नोट:** प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा समापन समारोह के दिन की जाएगी |

# स्लोगन/रील्स बनाने की प्रतियोगिता

**दिनांक : 20/09/2024 शुक्रवार**

**समय: दोपहर 2 बजे**

**स्वनिर्मित स्लोगन:** कोई भी स्वनिर्मित स्लोगन जिसकी वर्तमान प्रासंगिकता हो एवं उद्देश्यपूर्ण हो | यथा: राष्ट्र प्रेम, नारी सशक्तीकरण, हिन्दी के प्रचार-प्रसार पर, प्रकृति एवं पर्यावरण इत्यादि विषयों के अलावा किसी भी यथोचित विषय पर |

**रील्स:** हिन्दी भाषा का प्रसार, विश्वविद्यालयीन प्राकृतिक सौंदर्य, एंटी रैगिंग, विश्वविद्यालय के अनुभव एवं अन्य इसी तरह के विषयों में से किसी एक विषय पर |

| निर्णयकर्ता | समन्वयक | सह-समन्वयक |
|---|---|---|
| डॉ. अफ़रोज़ बेगम<br>डॉ. वन्दना राजौरिया | गोविन्द सिंह<br>पीयूष जैन | सुरेन्द्र कुमार तिवारी<br>धर्मेंद्र कुमार शुक्ला |

**स्लोगन/रील्स के विषय/नियम:**

- कोई भी स्वनिर्मित स्लोगन जिसकी वर्तमान प्रासंगिकता हो एवं उद्देश्यपूर्ण हो |
- सामाजिक-सांस्कृतिक एकता से ओतप्रोत कोई विषय ले सकते हैं |
- हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार से संबंधित विषय हो सकता है |
- अधिकतम लंबाई: Reels का समय 1.5 मिनट से अधिक **नहीं** होना चाहिए।
- मूल रचना: Reels पूरी तरह से मूल होना चाहिए। कॉपीराइट सामग्री का उपयोग करने से बचें।
- हैशटैग: Reels में #हिंदीदिवस #हिन्दी साहित्य परिषद सागर # हिन्दी विभाग और अन्य प्रासंगिक हैशटैग शामिल होने चाहिए।
- कैप्शन: Reels के साथ एक छोटा सा कैप्शन लिखें जिसमें आपकी रचनात्मकता और हिंदी भाषा का प्रचार-प्रसार हो।

**नोट:** प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा समापन समारोह के दिन की जाएगी |

# काव्य पाठ प्रतियोगिता

**दिनांक : 23/09/2024 सोमवार**

**शीर्षक: “स्वरचित कविता”** **समय: दोपहर 2 बजे**

| निर्णयकर्ता | समन्वयक | सह-समन्वयक |
|---|---|---|
| प्रो राजेन्द्र यादव<br>डॉ. अरविन्द कुमार | सृष्टि सिंह<br>रामधीरज अहिरवार<br>सिद्धांत शर्मा | संजय कुमार श्यामले |

**आवश्यक निर्देश/नियम:**

- सभी प्रतिभागी अपनी एक ही उत्कृष्ट रचना का प्रदर्शन करेंगे |
- कविता अधिक लंबी न हो |
- कविता हिन्दी भाषा में होनी चाहिए |
- अपनी कविता को प्रतियोगिता आरंभ होने के पूर्व अर्थात 22 सितम्बर की शाम तक ही अपने नाम, मोबाइल नंबर, विभाग का नाम एवं विषय/कोर्स विवरण के साथ भेजें | कविता निम्न ईमेल आई डी पर भेजें: hindisahityaparishadsagar@gmail.com
- प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी की सम्पूर्ण कविता उसकी मौलिक रचना होनी चाहिए |
- कविता भेजते समय उसका शीर्षक प्रथम पंक्ति में स्पष्ट शब्दों में लिखें |
- अश्लील, आपत्तिजनक या पूर्णतः अनुचित भाषा वाली कविताएं स्वीकार नहीं की जाएंगी |

**मूल्यांकन के मापदंड:**

- कविता के विषय एवं शब्द चयन को देखा जाएगा |
- प्रतिभागी की कविता प्रस्तुत करने की शैली पर विचार किया जाएगा |
- प्रतिभागी के शिष्टाचार पर ध्यान दिया जाएगा |

**नोट:** प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा समापन समारोह के दिन की जाएगी |

# ओपन मंच प्रस्तुति

**दिनांक : 26/09/2024 गुरुवार**

**समय: दोपहर 12 बजे**

**विषय:**

| | |
|---|---|
| भावाभिव्यक्ति | : भावों के साथ डायलॉग बोलना |
| एकल नृत्य | : शास्त्रीय नृत्य/सांस्कृतिकनृत्य/मर्यादित फिल्मी नृत्य |
| एकल गायन | : गीत/लोकगीत/संगीत |
| मिमिक्री | : किसी प्रसिद्ध व्यक्ति, राजनेता एवं अभिनेता इत्यादि की मिमिक्री |

| निर्णयकर्ता | समन्वयक | सह-समन्वयक |
|---|---|---|
| डॉ. हिमांशु कुमार<br>डॉ. आशुतोष कुमार मिश्र | आकांक्षा जैन<br>शैलेन्द्र सिंह<br>हरिशंकर काछी<br>विकास कुमार | संतोष कुमार<br>अंकित भारद्वाज |

**आवश्यक निर्देश/नियम:**

- डायलॉग बोलते समय अपशब्दों का उपयोग वर्जित है |
- मिमिक्री करते समय प्रतिभागी शिष्टाचार का ध्यान रखें |
- एकल नृत्य का प्रकार प्रतियोगिता पूर्व प्रतिभागी को ईमेल पर भेजना होगा |
- एकल गायन के प्रतिभागियों को अपनी प्रस्तुति की जानकारी पहले देनी होगी |
- परिस्थिति अनुसार ओपन मंच की किसी भी प्रतियोगिता में परिवर्तन कर कोई दूसरी प्रस्तुति सम्मिलित की जा सकेगी | जिसकी सूचना प्रतिभागियों को ईमेल एवं व्हाट्सएप्प ग्रुप के माध्यम से दे दी जाएगी |

**मूल्यांकन के मापदंड:**

- ओपन मंच के विषय एवं शब्द चयन को देखा जाएगा |
- प्रतिभागी की ओपन मंच प्रस्तुति की शैली पर विचार किया जाएगा |

**नोट:** प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा समापन समारोह के दिन की जाएगी |

# पुरस्कार वितरण एवं समापन

**दिनांक : 26/09/2024 गुरुवार**

**समय: दोपहर 2 बजे**

**आवश्यक सूचना:**

- प्रतिभागियों को पुरुस्कार देने से पूर्व शिक्षकगण (स्वैच्छिक प्रस्तुति) अपनी प्रस्तुति भी दे सकते हैं ।
- प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए जाएंगे।
- इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को ऑफलाइन प्रमाण-पत्र एवं शेष विद्यार्थियों को ऑनलाइन या डिजिटल प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे |
- ओपन मंच प्रतियोगिता, पुरस्कार वितरण एवं समापन के समय तथा स्थान के परिस्थिति अनुकूल किसी भी परिवर्तन की सूचना प्रतिभागियों को ईमेल एवं व्हाट्सएप ग्रुप पर दे दी जाएगी |
- सम्पूर्ण कार्यक्रम के किसी भाग में प्रतिभागियों की संख्या, प्रस्तुतियों तथा आकस्मिक अनिवार्यता के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है | जिसकी सूचना प्रतिभागियों को संपर्क माध्यमों के द्वारा दी जाती रहेगी |

**आयोजक: साहित्य परिषद, हिन्दी विभाग, सागर**

| अध्यापकगण | समन्वयक | | सह-समन्वयक |
|---|---|---|---|
| प्रो. राजेन्द्र यादव | गब्बर सिंह | दुर्गेश कुमार सराठे | अंकित भारद्वाज |
| डॉ. संजय नैनवाड | गोविंद सिंह | नेहा दुबे | धर्मेन्द्र कुमार शुक्ल |
| डॉ. आशुतोष कुमार मिश्र | हरिओम पाल | पीयूष जैन | प्रतिभा सोनी |
| डॉ. हिमांशु कुमार | हरिशंकर काछी | शैलजा परमार | संजय कुमार श्यामले |
| डॉ. अफ़रोज बेगम | रामधीरज अहिरवार | सिद्धांत शर्मा | संतोष कुमार |
| डॉ. अरविन्द कुमार | शैलेन्द्र सिंह | विकास कुमार | शुभांगी ओखदे |
| डॉ. लक्ष्मी पाण्डेय | सृष्टि सिंह | | सूर्यकांत प्रजापति |
| डॉ. अवधेश कुमार | सूर्यकांत त्रिपाठी | | सुरेन्द्र कुमार तिवारी |
| श्री प्रदीप कुमार सौंर | | | |
| डॉ. सुजाता मिश्र | | | |

| अध्यक्ष | संयोजक | अधिष्ठाता |
|---|---|---|
| **प्रो. आनन्द प्रकाश त्रिपाठी** | **डॉ. हिमांशु कुमार** | **प्रो. चन्दा बैन** |

(हिन्दी विभाग) (सहायक प्राध्यापक) (भाषा अध्ययनशाला)

## प्रमुख वेबसाईट/लिंक

***Registration Link:*** *Click Here* or Go to *http://forms.gle/t3BHbYNRaTkmvfFx7*

***Email ID***: *hindisahityaparishadsagar@gmail.com*

***Whatsapp***: *Click here* ***or*** Go to *https://chat.whatsapp.com/DinyeaWYYrFF0ERzuQEGBU*

***Telegram:*** *https://t.me/hindisahityaparishadsagar*

***Youtube:*** *https://www.youtube.com/@hindisahityaparishadsagar*

***Twitter : Check out*** हिंदी साहित्य परिषद् सागर ***(@HINDIDHSGU):***
*https://x.com/HINDIDHSGU?t=NNJHWqVa-OvLh4zTCJirJQ&s=35*

***Instagram:***
*https://www.instagram.com/hindisahityaparishadsagar?igsh=enVqem1keGdtdnE0*

**नोट: रजिस्ट्रेशन पूर्णतः निःशुल्क है | प्रतिभागियों को इन प्रतियोगिताओं मे भाग लेने के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा | प्रतिभागी प्रतियोगिता से सम्बन्धित असमंजस के लिए अपने प्रश्न ईमेल पर भेज सकते हैं |**

समाप्त